# एकात्म पर्व के दूसरे दिन संवाद, दर्शन और संस्कृति का संगम

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** एकात्म पर्व के दूसरे दिन विभिन्न विषयों पर आयोजित सत्रों में देशभर से आए संतों, विद्वानों और विशेषज्ञों ने आध्यात्म, अद्वैत दर्शन और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की। कार्यक्रम में सिख संप्रदाय पर विशेष सत्र आयोजित हुआ, जिसमें गुरु ग्रंथ साहिब से लेकर अद्वैत दर्शन तक विचार रखे गए।

रामकृष्ण मिशन पर केंद्रित सत्र में स्वामी जाप सिद्धानंद, स्वामी वेदतत्त्वानंद पुरी और स्वामी सर्वभद्रानंद ने रामकृष्ण परमहंस के जीवन, अद्वैत विचार और समाज में उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने 'शिव ज्ञाने जीव सेवा' के मंत्र को मानव सेवा का आधार बताते हुए कहा कि हर जीव में ईश्वर का दर्शन ही सच्ची साधना है। पर्यावरण सत्र में डॉ बालकृष्ण पिसुपति ने कहा कि प्रकृति हमसे अलग नहीं, बल्कि हमारा ही हिस्सा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनुष्य पर्यावरण का मालिक नहीं, बल्कि संरक्षक है। सुविधाप्रधान जीवनशैली को पर्यावरण संकट का प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया।

सौर गांधीके नाम से प्रसिद्ध चेतन सिंह सोलंकी ने कहा कि पृथ्वी के संसाधन सीमित हैं, इसलिए मानव की आवश्यकताएं भी सीमित होनी चाहिए। उन्होंने अद्वैत दर्शन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा को समझाते हुए कई महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठाए।सांस्कृतिक संध्या में आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन को नृत्य और संगीत के



माध्यम से जीवंत किया गया। नृत्यांगना शुभदा वराड़कर ने ओडिसी शैली में और पद्मजा सुरेश ने भरतनाट्यम के माध्यम से स्तोत्रों की प्रस्तुति दी।

नर्मदा तट पर आयोजित इस पर्व में 'नर्मदाष्टकम', 'निर्वाणषटकम' और 'गणेश पंचरत्नम' जैसी रचनाओं की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को अद्वैत भाव से जोड़ दिया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि आचार्य शंकर का दर्शन केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं, बल्कि जन-जीवन और संस्कृति में रचा-बसा है।

## खबर का असर

# पोखरकलां में सिंचाई पाइप लाइन सुधारने पहुंचा दल



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिले की भाम मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत पोखर कलां क्षेत्र में पाइपलाइन विस्तार कार्य में बरती गई गंभीर लापरवाही पर नवभारत द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। किसानों की शिकायतों और समाचार के प्रभाव के चलते निर्माण एजेंसी ने आनन-फानन में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत के लिए मौके पर अपना तकनीकी दल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के किसानों ने आरोप लगाया था कि ठेकेदार ने मानकों को ताक पर रखकर पाइपलाइन को भूमि में मात्र एक फीट की गहराई पर ही दबा दिया था। इसके चलते खेतों की जुताई के दौरान पाइप बार-बार टूटकर बाहर आ रहे थे, जिससे कृषक दिनेश पटेल सहित कई अन्य किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। किसानों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में सिंचाई विभाग के एसडीओ सोनी को भी इस समस्या से अवगत कराया था, लेकिन उस समय कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई थी। अब खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग द्वारा टूटी हुई पाइपलाइन को बदलने और उन्हें निर्धारित गहराई पर व्यवस्थित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। किसानों ने मांग की है कि यह सुधार कार्य केवल खानापूर्ति न हो, बल्कि मानकों के अनुरूप उनकी निगरानी में ही पूरा किया जाए।

# विधायक कंचन तनवे जाति प्रमाण पत्र मामले में कोर्ट का शिक्षकों को समन

**खंडवा।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ में खंडवा विधानसभा निर्वाचन 2023 से जुड़ी चुनाव याचिका (कुंदन मालवीय बनाम कंचन तनवे एवं अन्य) की सुनवाई में अदालत ने शिक्षकों को समन जारी करते हुए मामले को निर्णायक मोड़ पर ला दिया है।

हाई कोर्ट ने पुनासा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला पलसूद माल और शासकीय माध्यमिक शाला खैगांव के प्रधानाध्यापकों को तलब किया है। दोनों को 6 और 7 मई 2026 को अदालत में उपस्थित होकर वर्ष 1988 से 1999 तक के शैक्षणिक अभिलेख प्रस्तुत करने और जिरह का सामना करने के निर्देश दिए गए हैं। अब इस मामले में स्कूल रिकॉर्ड और शिक्षकों के बयान सबसे अहम साक्ष्य माने जा रहे हैं। इससे पहले अदालत ने याचिकाकर्ता द्वारा सूचना के अधिकार के तहत प्रस्तुत दस्तावेजों को साक्ष्य के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। न्यायालय ने कहा कि ये दस्तावेज केवल प्रमाणित प्रतियां हैं और इन्हें विधिसम्मत प्रक्रिया के बिना प्राथमिक साक्ष्य नहीं माना जा सकता। आवश्यक प्रक्रिया का पालन न होने के कारण इन्हें रिकॉर्ड पर प्रदर्श के रूप में शामिल नहीं किया गया। वहीं, प्रतिवादी विधायक कंचन तनवे की ओर से अधिवक्ता अनस हसन खान के माध्यम से 12 दस्तावेज और 5 गवाहों की सूची प्रस्तुत की गई है। इसमें शैक्षणिक प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति रिकॉर्ड, एसडीओ न्यायालय के दस्तावेज, जाति प्रमाण पत्र, समग्र आईडी और अन्य अभिलेख शामिल हैं।अब 6 मई से शुरू होने वाली सुनवाई में शिक्षकों की गवाही और स्कूल रिकॉर्ड के आधार पर मामले की कानूनी स्थिति स्पष्ट होने की संभावना है।

# महिला अधिवक्ताओं ने सौंपा हनुमानजी को पत्र

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** खंडवा में भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ की महिला अधिवक्ता इकाई ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराते हुए हनुमान के चरणों में पत्र अर्पित किया और विपक्ष की 'सद्बुद्धि' के लिए प्रार्थना की। अधिवक्ताओं ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के खारिज होने को महिलाओं के हितों के खिलाफ बताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय कहा।

महिला अधिवक्ताओं का कहना है कि यह अधिनियम केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था। उनका आरोप है कि विपक्ष के अड़ियल रवैये के कारण महिला



सशक्तिकरण का एक बड़ा अवसर छिन गया, जिससे महिलाओं की भविष्य की उम्मीदों को आघात पहुंचा है।

प्रस्तुत पत्र में अधिवक्ताओं ने विपक्ष की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के चलते महिलाओं के उत्थान से जुड़े प्रयासों को बाधित किया जा रहा है।

उन्होंने पवनपुत्र हनुमान से न्याय और धर्म की रक्षा हेतु हस्तक्षेप करने तथा विपक्ष को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की।महिला अधिवक्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे पर पीछे नहीं हटेंगी और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगी। उन्होंने समाज की सभी महिलाओं से एकजुट होकर सशक्तिकरण की दिशा में आगे आने का आह्वान किया, ताकि नारी सम्मान और समानता सुनिश्चित की जा सके।

# महाकाल दर्शन कर लौट रहे परिवार की कार खंभे से टकराई, 3 की मौत



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिले के बोरगांव बुजुर्ग चौकी क्षेत्र में इंदौरङ्कइच्छापुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मलबा सड़क पर बिखर गया।

हादसे में कार चालक जलगांव निवासी 47 वर्षीय श्याम सोनोने की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी मां शोभा (60) ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि 6 वर्षीय बेटी शिवन्या ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत से परिजनों में मातम छा गया।जानकारी के अनुसार, परिवार उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन कर लौट रहा था। देर रात लगातार ड्राइविंग के चलते चालक को नींद की झपकी आने की आशंका जताई जा रही है, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया।इस दुर्घटना में श्याम की पत्नी शुभांगी, उनकी दो अन्य बेटियां और साले मयूर समेत कुल 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में बुरहानपुर के निजी अस्पताल रेफर किया गया।

परिजनों के अनुसार, हादसे के बाद छोटी बच्ची शिवन्या सामान्य दिख रही थी और उसने पानी व फ्रूटी भी मांगी थी, लेकिन अंदरूनी चोटों के कारण उसकी हालत बिगड़ती गई और उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं, घायल शुभांगी को अब तक पति, सास और बेटी की मौत की जानकारी नहीं दी गई है।पुलिस की शुरुआती जांच में हादसे का कारण ड्राइविंग के दौरान आई झपकी माना जा रहा है।

# सोलर प्लांट से केबल चुराने वाली गैंग का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** मूंदी क्षेत्र के छाल्पी स्थित सोलर प्लांट में हुई बड़ी चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्लांट से चोरी हुई 5 हजार मीटर कॉपर केबल बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जप्त किए गए माल की कीमत लगभग 2 लाख रुपये बताई जा रही है।

मामले में पुलिस ने बताया कि जेएनजी कंपनी के साइट इंचार्ज अंतरसिंह राणा ने 17 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सोलर प्लांट से अज्ञात बदमाशों ने भारी मात्रा में कॉपर वायर काट लिया है। शिकायत पर थाना मूंदी में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान चौकी प्रभारी राधेश्याम मालवीय को मुखबिर से



सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर बोरों में केबल भरकर कच्चे रास्ते से बीड़ की ओर जा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सिंगाजी रोड पर घेराबंदी की और बाइक सवार दोनों युवकों को धर दबोचा।पकड़े गए आरोपियों की पहचान नितेश पिता ईश्वर सिंह राठौड़ निवासी मालगांव (खालवा) और दीपक पिता लक्ष्मण मोरे निवासी कोरगला (पदम नगर) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने सोलर प्लांट से केबल चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मौके कॉपर वायर और मोटरसाइकिल जप्त कर ली है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

# कहानी संग्रह 'गरीब नवाज' का लोकार्पण साहित्यकारों ने रखे विचार...



नवभारत न्यूज़

**खंडवा** । साहित्यिक कार्यक्रम में कहानी संग्रह 'गरीबनवाज' का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि संतोष चौबे ने कहा कि कहानीकार केवल कल्पना नहीं रचता, बल्कि अपने समय से आगे देखने की दृष्टि भी रखता है। कार्यक्रम में 'गरीबनवाज' के साथ अजय साकल्ले के कविता संग्रह 'एकांत में शोर' और सृजन शिविर रिपोर्ट का भी विमोचन हुआ। संतोष चौबे ने अपनी कहानियों के अंश पढ़ते हुए कहानी के तत्वों पर चर्चा की।

अध्यक्षता कर रहे डॉ अरुण रमेश जोशी ने कहा कि युवा पीढ़ी में लेखन संस्कार विकसित करने के लिए नियमित सृजन कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। कुलसचिव रवि चतुर्वेदी ने साहित्यकारों और पाठकों के बीच संवाद को जरूरी बताया।व्यंगकार कैलाश मंडलेकर ने संग्रह की समीक्षा करते हुए इसे विविध विचारधाराओं का समावेश बताया, जबकि गोविंद शर्मा ने कहा कि कहानियों में फिल्मी दृश्यों जैसी डिटेलिंग देखने को मिलती है।

समाजसेवी सुनील जैन ने सृजन शिविर की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया और संयोजन गीतिका चतुर्वेदी ने किया। अंत में आभार श्याम सुंदर तिवारी ने व्यक्त किया।

# ग्राम माथनी में पुस्तिका विमोचन और साइकिल वितरण



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** ग्राम माथनी में आयोजित कार्यक्रम में खंडवा की विधायक कंचन मुकेश तनवे ने पहली बार प्रकाशित शालेय पुस्तिका 'विहान' का विमोचन किया। कार्यक्रम में ब्रह्मगिर महाराज के महंत की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शासन की योजना अंतर्गत साइकिलों का वितरण भी किया गया।

शाला के बोर्ड परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहने तथा 16 विद्यार्थियों के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर विधायक ने शाला परिवार और विद्यार्थियों को बधाई दी।कार्यक्रम में विशेष रूप से उन अतिथि शिक्षिकाओं रेखा मौर्य और नेहा का सम्मान किया गया, जिनका शासकीय सेवा में चयन हुआ है। दोनों शिक्षिकाएं इसी शाला की पूर्व छात्रा रही हैं। इस दौरान पूर्णाशंकर पटेल, श्यामसुंदर पाटीदार, आशीष पाटीदार, बलदेव सिंह मौर्य, राहुल मंडवाल, विनोद खांडे, मुकेश पाल, मंथन दशोरे, जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी, संकुल प्राचार्य डॉ संजय निम्भोरकर, प्राचार्य संतोष तिवारी सहित शाला स्टाफ एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# पशु चिकित्सा सेवाओं का दिया प्रशिक्षण

**खंडवा।** जनपद पंचायत सभागृह में पशुपालन एवं डेयरी विभाग खण्डवा के समस्त पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों एवं समस्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों का जिले में पशुओ के गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम गर्भाधान संवंधि प्रशिक्षण आयोजित किया गया । जिले में पशुओं की नस्ल सुधार हेतु आवश्यक है कि कृत्रिम गर्भाधान तकनीक से अवर्णित नस्ल के पशुओं का गुणवत्तापूर्ण कृत्रिम गर्भाधान किया जाए जिससे उन्नत नस्ल के नर एवं मादा वत्स प्राप्त हो सकें और जिले के दुग्ध उत्पादन में आशानुरूप वृद्धि की जा सकें । प्रशिक्षण भोपाल से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर डॉ. दीपा चौहान द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाये डॉ. हेमन्त शाह, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. ए.के. पटेरिया, विकासखण्ड खण्डवा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिष कश्यप एवं जिले के समस्त डाक्टर्स तथा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

## खौफनाक उदाहरण मूंदी-सनावद रोड पर देखने को मिला

# प्रेम प्रसंग में दोहरा हत्याकांड : थार से कुचलकर ली जान

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** प्रेम की सनक जब खून की प्यासी हो जाए तो परिणाम कितने भयावह होते हैं, इसका खौफनाक उदाहरण मूंदी-सनावद रोड पर देखने को मिला। यहाँ एक सिरफिरे प्रेमी ने फिल्मी अंदाज में अपनी काले रंग की थार जीप से सामने से आ रही बलेनो कार को एक बार नहीं, बल्कि दो बार जोरदार टक्कर मारकर दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इस भीषण हमले में तीन लोग जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारे आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।



**खूनी रंजिश और फिल्मी स्टाइल में हमला-** मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी लवकुश (40) पिता किशोरीलाल राठौर निवासी सनावद, किसी प्रेम प्रसंग के चलते बेहद गुस्से में था। 16 अप्रैल को जब ग्राम जलवा से मूंदी की ओर एक बलेनो कार में 5 लोग सवार होकर जा रहे थे, तभी ग्राम केनूद के पास आरोपी ने अपनी थार जीप (MP-13 AH-9555) से रांग साइड जाकर कार को सामने से टक्कर मार दी। आरोपी ने कार सवारों को मरता हुआ देखने के लिए दोबारा टक्कर मारी। इस जानलेवा हमले में कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने जाल बिछाकर आरोपी लवकुश राठौर को धर दबोचा। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार बनी थार जीप को भी जब्त कर लिया है। मूंदी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103(1) (हत्या) और 109(1) (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया है। शनिवार को आरोपी को खंडवा न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे कड़े पहरे में जिला जेल भेज दिया गया। इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने और आरोपी को दबोचने में उनि अरुण पाटिल, सउनि कैलाश तिवारी और उनकी टीम की विशेष भूमिका रही।